# बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय
# BIHAR UNIVERSITY OF HEALTH SCIENCES

मीठापुर, पटना–800 001 (बिहार)
Tel-0612-2356912, Email-registrarbuhs-bih@gov.in, website-www.buhs.ac.in

**पत्रांक–सं॰–6209/2026–....1328..../**

प्रेषक,

विमलेश कुमार झा,
*भा॰प्र॰से॰ (से.नि.)*
कुलसचिव।

सेवा में,

प्राचार्य/निदेशक,
हिमालया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल,
चिक्सी, पालीगंज, पटना

पटना, दिनांक 06/08/2026

**विषयः–हिमालया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, चिक्सी, पालीगंज, पटना को शैक्षणिक सत्र–2026–27 से हिमालय विश्वविद्यालय, पालीगंज, पटना के अंतर्गत लाये जाने/संबद्ध किये जाने हेतु अनापत्ति प्रदान करने के संबंध में।**

महाशय,

उपर्युक्त विषय के संबंध में हिमालया एजुकेशन ट्रस्ट, पटना द्वारा किये गये अनुरोध पर बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना के संबद्धता बोर्ड की पन्द्रहवीं ($15^{th}$) बैठक में कार्यावली संख्या–BOA-03/15 पर सम्यक विचारोपरांत लिये गये निर्णय के आलोक में निदेशानुसार कहना है कि हिमालया आयुर्वेदिक मेडिकल कॉलेज एण्ड हॉस्पीटल, चिक्सी, पालीगंज, पटना को शैक्षणिक सत्र–2026–27 से हिमालय विश्वविद्यालय, पालीगंज, पटना के अंतर्गत निम्नांकित शर्त्त पर लाये जाने/संबद्ध किये जाने पर इस विश्वविद्यालय को कोई आपत्ति नहीं हैं –

1. *सत्र–2023–24 से सत्र–2025–26 तक बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से पंजीकृत छात्र/छात्राओं का अध्ययन उक्त संबंधित संस्थान के अंतर्गत निर्बाध रूप से जारी रखा जाएगा तथा इनकी परीक्षा बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा ली जायेगी।*
2. *सत्र–2023–24 से सत्र–2025–26 तक बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना से पंजीकृत छात्र/छात्राओं की डिग्री बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना द्वारा ही प्रदान किया जायेगा।*

संबंधित महाविद्यालय/संस्थान द्वारा उक्त शर्त्तों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जायेगा।

विश्वासभाजन

6/8/26

**(विमलेश कुमार झा)**
कुलसचिव

**ज्ञापांक– संबं॰–6209 / 2026–** 1328 **/पटना, दिनांक** 06/08/2026

प्रतिलिपि–सचिव, स्वास्थ्य विभाग, बिहार, पटना / सचिव, उच्च शिक्षा विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

प्रतिलिपि–सचिव, भारतीय चिकित्सा प्रणाली के लिए राष्ट्रीय आयोग, नई दिल्ली को सूचनार्थ प्रेषित।

6/8/26

कुलसचिव

बिहार स्वास्थ्य विज्ञान विश्वविद्यालय, पटना